अमर उजाला

साइकिल यात्रा निकाल दिया स्वस्थ खानपान का संदेश

Thu, 17 Jan 2019

रामपुर। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से स्वस्थ भारत यात्रा निकाली गई। इस दौरान रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने स्वस्थ खानपान का संदेश दिया। स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया। साथ ही सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलक्ट्रेट से निकाली गई रैली का शुभारंभ भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के निदेशक प्रभात मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन उमेश कुमार मंगला, सिटी मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश तिवारी, सहायक आयुक्त खाद्य मुरादाबाद मंडल विनीत कुमार, अभिहित अधिकारी डॉ. चमन लाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। सुबह साढ़े नौ बजे प्रभातफेरी निकाली गई। पूर्व माध्यमिक, माध्यमिक के छात्रों एवं एनसीसी कैडेटों एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया। प्रभातफेरी का मुख्य आकर्षण जुगल किशोर, हरिनाथ यादव के नेतृत्व में रामलीला पब्लिक इंटर कालेज के छात्रों द्वारा संचालित बैंड दल रहा। प्रभातफेरी में राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, विद्या मन्दिर इंटर कालेज एवं बेसिक स्कूलों के छात्र छात्राओं ने हाथ में तख्ती, बैनर आदि के साथ स्वस्थ भारत यात्रा के उद्देश्यों से नारे लगाए। रंगोली मंडप में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आम जनमानस को सुरक्षित खान-पान के महत्व को एलसीडी वैन के माध्यम से दिखाया गया। छात्र-छात्राओं ने सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान सभी अधिकारी मौजूद रहे।